हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

12 पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म, दिन में तपिश...



12 समाधान शिविर बने औपचारिकता, शिकायतों का कोई स्पष्ट आंकड़ा...



## खबर संक्षेप

### बिलों का बकाया 31 मई तक करवाएं जमा

**सिरसा।** प्रदेश सरकार द्वारा 31 दिसंबर 2025 तक जल व सीवरेज के बकाया बिलों पर लगाया जाने वाला सौ प्रतिशत सरचार्ज पूरा माफ किया जाएगा। लेकिन इस योजना का लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जो 31 मई तक अपना पूरा बकाया जमा करवाएंगे। कार्यकारी अभियंता विजय कुमार ने बताया कि सरकार ने शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को इन बिलों पर विशेष छूट देते हुए बड़ी राहत दी है। जारी आदेशों के अनुसार यदि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जिनके पास मीटर युक्त कनेक्शन है।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करें 15 तक आवेदन

**सिरसा।** जिला में गत दिनों ओलावृष्टि व वर्षा के कारण रबी फसल 2025-26 को हुए नुकसान के संबंध में विवरण दर्ज कराने के लिए प्रभावित गांवों के किसानों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। प्रभावित गांवों के किसान अब आगामी 15 अप्रेल तक फसलों को हुए नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकते हैं। जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि तहसीलदार सिरसा, डबवाली, कालांवाली तथा उप-निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सिरसा की रिपोर्ट के अनुसार जिले के कई गांवों में ओलावृष्टि व वर्षा के चलते फसलों को नुकसान हुआ है। इनमें तहसील कालांवाली के गांव गदरणा, तारुआना तथा तहसील डबवाली के गांव जोगेवाला, फूल्लो, हेबुआना और तहसील सिरसा के भरोखां और बरूवाली-1 गांव शामिल हैं।

## किसानों का आरोप, खरीद प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं, मंडी में गेहूं डालने के लिए नहीं बची जगह

# जाखल मंडी में आक्रोशित किसानों ने जड़ा ताला

### हंगामे की सूचना मिलते ही जाखल थाना प्रभारी, स्थिति की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭जाखल

जिले के जाखल अनाज मंडी में शुक्रवार सुबह उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित किसानों ने मंडी के दोनों मुख्य द्वारों पर ताला जड़ दिया और ट्रैक्टर-ट्रालियां अड़ाकर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। किसानों के इस प्रदर्शन के कारण मंडी के बाहर और संपर्क मार्गों पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गई, जिससे आमजन और अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप है कि मंडी के अंदर गेहूं की फसल डालने के लिए अब बिल्कुल भी जगह शेष नहीं बची है। मौके पर पहुंचे मार्केट कमेटी सचिव ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने प्रशासन के नियमों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि अभी तक मंडी से बाहर अनाज गिराने की आधिकारिक अनुमति प्राप्त नहीं हुई है। सचिव ने दावा किया कि मंडी में पर्याप्त जगह उपलब्ध है और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी किसान को अपनी फसल उतारने में दिक्कत न आए। नियमों के अनुसार फिलहाल गेहूं की फसल मंडी के अंदर ही गिरवाई जाएगी। हालाँकि, किसान इस दलील से संतुष्ट नहीं दिखे और करीब एक घंटे तक मंडी के गेट जाम रखे। बाद में अन्य किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक और विचार-विमर्श के निर्णय के बाद जाम को खोला गया। हंगामे की सूचना मिलते ही जाखल थाना प्रभारी सुरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसानों तथा आढ़ती वर्ग से बातचीत की। पुलिस की मौजूदगी में अधिकारियों ने किसानों को शांत करवाया और यातायात सुचारू कराया। एक ओर जहां विवाद चल रहा था, वहीं दूसरी ओर मार्केट कमेटी ने मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद की प्रक्रिया भी शुरू करवा दी है। इसके लिए हरियाणा वेयरहाउस की एजेंसी को बुलाया गया। फिलहाल जाम खोल दिया गया है, लेकिन किसान अभी भी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं कि उन्हें निजी प्लॉटों में फसल उतारने की अनुमति दी जाए। प्रशासन स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है ताकि दोबारा टकराव की स्थिति पैदा न हो।



जाखल। ट्रैक्टर अड़ाकर बंद किया गया मंडी का रास्ता। *फोटो: हरिभूमि*



जाखल। किसानों से बातचीत करते अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*



रतिया। गेहूं खरीद कार्य का जायजा लेते विधायक जरनैल सिंह।

### मंडी पहुंचे विधायक, जानकारी ली

**रतिया।** रतिया के विधायक जरनैल सिंह ने शुक्रवार को रतिया अनाज मंडी का निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विधायक जरनैल सिंह ने मंडी में आई गेहूं की फसल का निरीक्षण करते हुए किसानों से बातचीत की। किसानों ने विधायक को बताया कि फसल लाने के लिए गेट पास प्रणाली, पोर्टल पर पंजीकरण और अंगूठा सत्यापन जैसी प्रक्रियाएं जटिल और समय लेने वाली हैं। इस पर विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे उनकी सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और मांग करेंगे कि गेट पास प्रणाली को सरल किया जाए, पोर्टल प्रक्रिया में सुधार किया जाए तथा बायोमेट्रिक जैसी जटिल व्यवस्थाओं में ढील दी जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने हाल ही में हुई बारिश से खराब हुई फसलों के बारे में भी किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे इस संबंध में भी मुख्यमंत्री से मांग करेंगे कि सरकार तुरंत सर्वे करवाकर नुकसान का आकलन करे और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।



सिरसा। अनाज मंडी में खरीद कार्य का जायजा लेते एसडीएम।

### एसडीएम ने अनाजमंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

**डबवाली।** एसडीएम पारस भागोरिया ने शुक्रवार को डबवाली अनाजमंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा और सहायता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों व आढतियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं व सुझाव जाने। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और गेहूं खरीद निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मौके पर ही मॉइस्चर मीटर (नमी मापक यंत्र) से फसल की नमी जांची और अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप ही फसल की आवक सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों एवं श्रमिकों के लिए स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी आवश्यक सुविधाओं का नियमित रखरखाव किया जाए।

### 2782 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। गत दिवस तक जिला के 319 किसानों की 2782 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 118 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2644 मीट्रिक टन तथा एचएसडब्ल्यूसी द्वारा 20 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि बड़ागुढा मंडी में 330 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 338 मीट्रिक टन, डिंग मंडी में 10 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 211 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 422 मीट्रिक टन, कुताना में 93 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा में 275 मीट्रिक टन, रानियां में 48 मीट्रिक टन, सिरसा में 848 मीट्रिक टन तथा तलवाड़ा खुर्द मंडी में 207 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई।

### मार्केट सचिव से मिले व्यापारी

**रतिया।** गेहूं का सीजन शुरू होते ही मंडी में जगह की कमी से परेशान व्यापारी शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष दर्शन गर्ग की अध्यक्षता में मार्केट कमेटी सचिव राज कुमार से मिले। इस दौरान व्यापारियों के शिष्टमंडल ने गेहूं की फसल की बढ़ती आवक को लेकर अतिरिक्त स्पेस की मांग करते हुए अपनी समस्याएं रखीं तथा सचिव को बताया कि गेहूं की खरीद शुरू हो चुकी है और मंडी में फसल तेजी से पहुंच रही है, जिसके चलते मंडी के सभी फड़ पूरी तरह भर चुके हैं। अब फसल रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है, जिससे व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि मार्केट कमेटी द्वारा उन्हें अतिरिक्त स्थान उपलब्ध करवाया जाए, ताकि फसल को सुरक्षित रखकर खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रखी जा सके।

### गेहूं खरीद पर डीसी ने दिए निर्देश

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने सभी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उन्हें अलॉट की गई मंडियों और खरीद केंद्रों पर उनके परचेज कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 9 बजे निर्धारित शेड्यूल के अनुसार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत किसानों की फसल की खरीद सुनिश्चित करें। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि फसल खरीद के साथ-साथ उसका समय पर उठान (लिफ्टिंग) भी उतना ही जरूरी है। किसी भी मंडी में फसल का ढेर लगने या जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देश दिए कि उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और व्यवस्थाएं पूरी तरह सुचारू बनी रहें।

### पूर्व संसदीय सचिव ने ली जानकारी

**भूना।** पूर्व विधायक दूडाराम ने शुक्रवार को भुना की अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्य का शुभारंभ कर समीक्षा की। इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने मंडी में पहुंचकर किसानों, व्यापारियों व आढ़तियों से बातचीत की और खरीद व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दुडाराम ने मौके पर उपस्थित व्यापारियों व आढ़तियों से अपील की कि वे खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने में प्रशासन और खरीद एजेंसियों का पूरा सहयोग करें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पूर्व विधायक ने सभी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में बनाए गए शेड्यूल के अनुसार निर्धारित दिन पर समय पर खरीद सुनिश्चित की जाए।

### नमी की मार, किसान बेहाल

**फतेहाबाद।** जिला की अनाज मंडियों में गेहूं आने की रफ्तार तेज हो गई है। शुक्रवार तक जिले में 7 में से 3 मंडियों में अभी गेहूं की सरकारी खरीद ही शुरू नहीं हुई है, जबकि मंडी में गेहूं ढेर लगने शुरू हो गए है। जिला में अब तक कुल 9 लाख 77 हजार 441 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, जबकि सरकारी एजेंसीयों ने खरीद मात्र 64 हजार 613 क्विंटल ही की है। 14 हजार 194 किसानों के गेटपास कट चुके है। यही कारण है कि किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खरीद एजेंसी के अधिकारी हर रोज मंडी में पहुंचकर गेहूं में नमी की मात्रा की जांच कर खरीद से इंकार कर देते हैं। इसके कारण फतेहाबाद अनाज मंडी में अभी तक किसी किसान ने बॉयोमीट्रिक तक नहीं लगाई है।

## 26 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ी

- किसानों ने की मुआवजा देने की मांग



सिरसा। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लखविंद्र सिंह।

**सिरसा।** जिले के गांव मीरपुर में करीब 26 एकड़ गेहूं की फसल शुक्रवार को आग की भेंट चढ़ गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की पांच गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पीड़ित किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। लखविंद्र सिंह ने बताया कि इस आगजनी में किसान वीरेंद्र कुमार, ललित मोहन और अमित चंद की 26 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। लखविंद्र सिंह ने कहा कि प्रभावित किसान पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। आगजनी के कारण किसानों के पास खाने के लिए भी गेहूं नहीं बची है और पशुओं के चारे का प्रबंध भी बाहर से करना पड़ेगा।

### गेहूं खरीद पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन आज

**सिरसा।** सरकार द्वारा गेहूं खरीद के लिए लागू किए गए नए नियमों के खिलाफ सिरसा सहित पूरे राज्य में किसानों और आढ़तियों का गुस्सा फूट पड़ा है। संयुक्त किसान मोर्चा सिरसा और आढ़ती एसोसिएशन ने इन नियमों को किसान-विरोधी बताते हुए 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भावदीन टोल पर धरना-प्रदर्शन करने का फैसला किया है। इसे लेकर किसानों की दो दिन पहले मीटिंग हुई थी और उसी में संयुक्त किसान मोर्चा की कॉल पर ये फैसला लिया गया।

## दुकड़ा में हुई लूट की वारदात सुलझी, तीन आरोपी गिरफ्तार



**चोपटा।** खंड के गांव दुकड़ा में हुई लूट की वारदात को सुलझाते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जमाल पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि दुकड़ा निवासी गोपीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात तीन नकाबपोश युवक उसकी ढाणी में घुस आए। आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की तथा दोनों को कमरे में बंधक बना दिया। इसके बाद आरोपियों ने घर की तलाशी ली, लेकिन कोई कीमती सामान न मिलने पर उन्होंने पीड़ित की पत्नी के कानों की बालियां और नाक का कोका छीन लिया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना नाथूसरी चौपटा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ छीना-झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान जमाल पुलिस चौकी की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए तीन संदिग्ध युवकों को गांव बकरियांवाली से काबू कर लिया। ग

## डेढ़ लाख रुपये की साइबर ठगी मामले में एक आरोपी काबू

**सिरसा।** जिला के गांव खैरेकां निवासी एक व्यक्ति के साथ डेढ़ लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि 9 जनवरी को सुबह लगभग 8:00 बजे उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से एपीके फाइल डाउनलोड करने का लिंक प्राप्त हुआ। उक्त लिंक में वाहनों के चालान से संबंधित जानकारी होने का दावा किया गया था। जानकारी के अभाव में पीड़ित ने जैसे ही उस लिंक पर क्लिक किया, फाइल तुरंत उसके मोबाइल में डाउनलोड हो गई। पीड़ित के अनुसार, फाइल डाउनलोड होते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद साइबर ठगों ने उसके मोबाइल के माध्यम से उसके दो बैंक खातों तक पहुंच बनाकर कुल लगभग डेढ़ लाख रुपए की राशि ट्रांसफर कर ली। साइबर थाना सिरसा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में संलिप्त एक आरोपी करण निवासी न्यू इंदिरा कॉलोनी मनी माजरा चंडीगढ़ को आईटी पार्क चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

**सख्ती** कार्रवाई से पहले ही शौचालय, बाथरूम, पानी की टंकी हटाने शुरू

# लाल डोरे की गली से हटाया अवैध कब्जा, टीम के पहुंचते ही खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

चंद्रावल गांव में शुक्रवार को एसडीएम कोर्ट के आदेश पर लाल डोरे की गली से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम के मौके पर पहुंचते ही कब्जाधारी पक्ष ने आगे आकर स्वयं ही कब्जा हटा लिया, जिससे किसी प्रकार के टकराव की स्थिति नहीं बनी। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पंचायती राज के एसडीओ बलवान सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। प्रशासनिक टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी पक्ष ने शौचालय, बाथरूम, पानी की टंकी, बाउंड्री वॉल और गेट को हटाना शुरू कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार गांव चंद्रावल निवासी कृष्ण कुमार पावडिय़ा ने पंचायत की लाल डोरे की गली पर अवैध कब्जे की शिकायत दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कमलेश पत्नी कुलदीप सिंह के परिवार ने गली की जमीन पर निर्माण कर रास्ता बाधित कर रखा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पिछले करीब एक साल से इस मामले को लेकर सरपंच से लेकर उच्च अधिकारियों तक लिखित शिकायत कर चुका था। इसके अलावा सीएम विंडो पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी।





भूना। चंद्रावल गांव में लाल डोरे की गली से अवैध कब्जा हटाते कब्जाधारी व मौके पर मौजूद प्रशासनिक टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### दी जानकारी

गांव के सरपंच शैलेंद्र सिंह ने बताया कि कृष्ण कुमार लंबे समय से इस कब्जे को हटाने की मांग कर रहा था। कोर्ट के आदेश मिलने के बाद ही प्रशासन ने कार्रवाई की और अब गली को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह ने बताया कि बिना विवाद के कब्जा धारी पक्ष ने खुद आकर अपना कब्जा हटा लिया।





# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।


लाइफ Style

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई है जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस'और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

## टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।



# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



### शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



### अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### खेतों से तार चोरी गिरोह का पर्दाफाश; दो काबू

**टोहाना।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने खेतों से बिजली के तार चोरी करने वाले एक गिरोह को पकडने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान राजबीर सिंह पुत्र जसवंत सिंह और मोनी पुत्र किरपाल सिंह गांव अकंवाली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने बताया कि मामला जमालपुर शेखां निवासी कुलदीप सिंह मान की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 6 अप्रैल की रात को अज्ञात चोरों ने उनके खेत में सिंचाई की मोटर के लिए लगाए गए बिजली के तार काटकर चोरी कर लिए थे। इन आरोपियों ने केवल एक ही नहीं, बल्कि जमालपुर शेखां के कई अन्य किसानों के खेतों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था।

### अवैध निर्माण को ढहाने की मांग, सीएम से की अपील

**सिरसा।** स्थानीय हुडा सेक्टर-20 के कुछ लोगों ने सीएम विंडो पर शिकायत भेज कर आदर्श कॉलोनी में अवैध निर्माण को ढहाने की अपील की है। सीएम विंडो को शिकायत भेजने वाले स्थानीय नागरिकों सुरेंद्र कुमार, दौलत राम आदि ने अपनी शिकायत में कहा है कि आदर्श कॉलोनी अनअप्रूवड कॉलोनी है, इसमें नगरपरिषद द्वारा किसी प्रकार के नक्शे पास नहीं किए गए हैं। इसके बावजूद यहां लोगों द्वारा निर्माण किया जा रहा है जो पूरी तरह से अवैध है।

### सीडीएलयू के तीन प्रोफेसरों को अतिरिक्त कार्यभार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों में अतिरिक्त दायित्व सौंपने के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। वाणिज्य विभाग के प्रो. डीपी वार्ने को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसी प्रकार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. रविंद्र को यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर रूरल स्टडीज के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त, लोक प्रशासन विभाग के प्रो. विष्णु भगवान को इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि सभी अधिकारी अपने-अपने अतिरिक्त दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करें।

### रोजगार मेले में 16 प्रार्थियों का हुआ चयन

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, महाराजा अग्रसैन पब्लिक स्कूल, ग्रामीण स्कूल संघ, विश्वकर्मा इंजीनियरिंग (पुन्नी) टोहाना तथा पुखराज हैल्थकेयर ने भाग लिया। मेले में कुल 47 प्रार्थियों ने साक्षात्कार दिया जिनमें से 16 प्रार्थियों का प्राथमिक स्तर पर इन नियोक्ताओं द्वारा चयन किया गया। मेले में आए हुए प्रार्थियों को संबोधित करते हुए जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि रोजगार निदेशालय हरियाणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय की प्राथमिकता रहती है कि वह नियोक्ताओं की मांग के अनुसार प्रार्थियों को मेले में बुलाकर रोजगार प्रदान करने में सहायता कर सके।

### गांव भोड़ी के केबल चोरी मामले में चार दबोचे

**टोहाना।** खेतों से ट्यूबवेल की केबल चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चमकीला उर्फ जनक पुत्र महेन्द्र सिंह, सुनील कुमार पुत्र रामकिशन, अमन उर्फ तमनी पुत्र लक्ष्मणदास और निर्मल कुमार उर्फ गूगन पुत्र मेघराज निवासी गांव अकंवाली के रूप में हुई है। मामला 9 अप्रैल को गांव भोड़ी के किसानों की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

---

फर्जीवाड़ा

## राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा दिलाने के लिए उम्र घटाई, खिलाड़ी के पिता पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में खेल जगत को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। एक उभरते हुए खिलाड़ी को कम उम्र का दिखाकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल कराने के लिए स्कूल रिकॉर्ड और दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर हेरफेर की गई। पुलिस ने इस धोखाधड़ी के मामले में जांच के बाद खिलाड़ी के पिता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।शिकायत के अनुसार, हिसार जिले के बरवाला निवासी विजय कुमार ने पुलिस को साक्ष्यों के साथ शिकायत दी थी। आरोप था कि खिलाड़ी सचिन को फायदा पहुंचाने के लिए उसके परिवार और स्कूल प्रशासन ने मिलीभगत की और उसकी वास्तविक जन्मतिथि को बदल दिया। जांच में सामने आया कि छात्र की असली जन्मतिथि 1 जुलाई 2010 है। लेकिन खेल के नियमों और आयु वर्ग का लाभ उठाने के लिए षड्यंत्र रचकर स्कूल रिकॉर्ड में इसे 1 जुलाई 2014 दर्ज करवा दिया गया। यानी खिलाड़ी की उम्र कागजों पर सीधे तौर पर 4 साल कम कर दी गई। धोखाधड़ी केवल स्कूल रिकॉर्ड तक सीमित नहीं रही। फर्जी स्कूल प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार कार्ड में भी जन्मतिथि अपडेट करवा ली गई, ताकि राष्ट्रीय स्तर के खेलों में सत्यापन के दौरान कोई बाधा न आए। शिकायतकर्ता ने सबूत के तौर पर चौधरीवास स्थित पीएचसी द्वारा जारी असली जन्म प्रमाण-पत्र भी पुलिस को सौंपा, जिससे जालसाजी की पुष्टि हुई।

### जांच के दौरान दो जन्म प्रमाण-पत्र पाए गए

*मामले की गंभीरता को देखते हुए पीएसआई कंवर सिंह ने विस्तृत जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि छात्र के पास दो अलग-अलग जन्म प्रमाण-पत्र थे, जिनका रजिस्ट्रेशन तो सही था लेकिन उनमें दी गई जानकारी विरोधाभासी थी। कानूनी राय लेने के बाद, पुलिस ने छात्र के पिता कुलदीप को मुख्य दोषी माना। पुलिस ने कुलदीप के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। शुरुआती शिकायत में छात्र, उसकी मां और स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को भी नामजद किया गया था। हालांकि, पुलिस जांच में इनके खिलाफ कोई ठोस सबूत या इस षड्यंत्र में सक्रिय संलिप्तता नहीं पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने इनके नाम मामले से निकाल दिए हैं।*

---

धोखाधड़ी

## पॉलिसी के नाम पर आर्मी जवान से की थी 4.46 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम सेना के एक जवान के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने गिरोह के तीसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक पुत्र सोमनाथ निवासी नजदीक नवादा मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली के रूप में हुई है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि मामला 08 अक्टूबर 2025 को दर्ज किया गया था, जब गांव हिजरावां कलां निवासी बलजिन्द्र सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि आरोपियों ने पैरा मेरिक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का प्रतिनिधि बनकर कॉल किया और उनकी पॉलिसी के नाम पर कस्टमर आईडी बनाने व भारी लाभ दिलाने का झांसा दिया। झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच अलग-अलग किस्तों में कुल 4 लाख 46 हजार 882 रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा दिए। जब आरोपियों ने और पैसों की मांग जारी रखी और जमा राशि वापस नहीं की, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। शिकायत के आधार पर साइबर थाना फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और बैंक खातों के विश्लेषण के आधार पर पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम ने तीसरे आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया है।

---

### शिकायत निवारण के उपरांत उसकी एटीआर भी पूर्ण विवरण के साथ अपलोड करें

## समाधान शिविर में आई शिकायतों के निपटान में दिखाए तत्परता: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी अर्पित संगल। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करें और इस कार्य में तेजी लाएं। शिकायतों के निवारण के उपरांत उसकी एटीआर भी पूर्ण विवरण के साथ अपलोड करें। यदि किसी समस्या के समाधान में किसी प्रकार की समस्या आती है तो उच्च अधिकारियों को अवगत करवाएं।

शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एडीसी ने जिला में समाधान शिविर, जन संवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी में प्राप्त शिकायतों के निपटान के लिए अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए जल्द से जल्द निपटान के दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण भी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की जन शिकायतों का स्थाई समाधान हो और संबंधित विभाग आपस में सामंजस्य बनाकर जन शिकायतों का हल करें।

उन्होंने मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की और जल्द समाधान के निर्देश दिए ताकि पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का समय पर लाभ मिल सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में आई 7695 शिकायतों में से 5975 का समाधान किया जा चुका है। 219 शिकायतों पर कार्य चल रहा है, 1111 शिकायतें रिजेक्ट हो चुकी हैं, जबकि 316 शिकायतों को रिओपन किया गया है तथा 74 शिकायतें न्यायालयों के अधीन हैं। उन्होंने बताया कि सप्ताह में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल पर समाधान शिविर लगाया जाता है।

### कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में चलाए विशेष जागरूकता अभियान: एडीसी

- महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न स्कीमों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

*सिरसा। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि जिस एरिया में लिंगानुपात कम है वहां पर प्रभावी गतिविधियां चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए। जो नागरिक लिंग जांच करता है या संलिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। वे शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ दर्शना सिंह ने सभी स्कीम की एक एक कर पीपीटी के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष रखी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान स्कीम की समीक्षा के दौरान एडीसी ने निर्देश दिए कि जिला के कम लिंगानुपात वाले गांव / एरिया को चिन्हित करते हुए वहां पर विशेष अभियान चलाकर जागरूक करें। उन्होंने कहा लिंग जांच एक कानूनन अपराध है। कोई भी इसके अंदर संलिप्त पाया जाता है उसके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कक्षावार ड्राप आउट बच्चों की पहचान करें और यदि कोई बच्चा बीच में स्कूल छोड़ता है तो उसके घर जाकर परिजनों को छोडने का कारण जाने व उनको जागरूक कर दोबारा से स्कूल में दाखिले करवाने का काम करें। उन्होंने कहा कि जहां पर भी बाल मजदूरी की शिकायत मिलती है या पता चलता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाए। इस अवसर पर डीएसपी संजीव कुमार, संदीप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, डीसीपीओ डा. गुरप्रीत कौर, संरक्षण अधिकारी डा. अंजना, बाल कल्याण समिति चेयरमैन डा. मदन लाल, सदस्य भावना शर्मा, निधि मेहता आदि उपस्थित थे।*

---

## न्यूज डायरी

### पीएनजी धारक को नहीं मिलेगा नया एलपीजी कनेक्शन

**सिरसा।** जिला के जिन क्षेत्रों में पीएनजी उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ताओं को 90 दिनों के भीतर पीएनजी कनेक्शन लेना होगा। ऐसा न करने पर संबंधित उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं करवाए जाएंगे तथा उनका कनेक्शन बंद होगा। पीएनजी कनेक्शन उपभोक्ताओं को अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन जमा करवाना होगा। ऐसे उपभोक्ता गैस वितरक एजेंसियों से एलपीजी सिलेंडर रिफिल नहीं करवा सकेंगे। भविष्य में भी पीएनजी कनेक्शन वाले किसी भी व्यक्ति को नया एलपीजी कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि 5 किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर एचपीसीएल द्वारा 'अप्पू', बीपीसीएल द्वारा 'मिनी' और आईओसीएल द्वारा 'छोटू' नाम से उपलब्ध हैं। इन सिलेंडरों को प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती, केवल वैध पहचान पत्र पर्याप्त है। प्रवासी श्रमिक नजदीकी गैस एजेंसी से पहचान पत्र दिखाकर ये सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।



### होम्योपैथिक दिवस पर फतेहाबाद में निःशुल्क हेल्थ कैंप

**फतेहाबाद।** आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय नागरिक अस्पताल में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र चौधरी ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति के आधार पर रोग का उपचार करती है, जिससे समग्र स्वास्थ्य सुधार संभव होता है। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं लाभार्थियों का धन्यवाद किया और आयुष विभाग की टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक दिवस मनाया जाता है। इस चिकित्सा पद्धति में औषधियों को अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में (डाइल्यूशन) देकर उपचार किया जाता है, जिससे इसके दुष्प्रभाव नगण्य होते हैं और बच्चे, बुजुर्ग व अन्य रोगी इसे आसानी से ग्रहण कर सकते हैं।

### 4 अप्रैल को आयोजित होगा जिला स्तरीय बैसाखी महोत्सव

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद में प्रदेश सरकार की तरफ से बैसाखी महोत्सव 2026 का बड़े स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का आयोजन 14 अप्रैल को डीपीआरसी हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस बैसाखी महोत्सव में प्रदेश की परंपरागत सांस्कृतिक विरासत के झरोखे देखने को मिलेंगे। एडीसी अनुराग ढालिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में बैसाखी महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में इस आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए जिला के प्रत्येक नागरिक को आमंत्रित किया जा रहा है। एडीसी ने कहा कि 14 अप्रैल को होने वाले बैसाखी महोत्सव में स्कूलों, कॉलेजों के कलाकारों के साथ-साथ हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की तरफ से भी बेहतरीन कार्यक्रमों की प्रस्तुति रहेगी। इसके अलावा जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट, प्रदेश सरकार की प्रगति को दर्शाती प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां समय रहते पूरी करे। इसके अलावा साफ सफाई, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में सभी नागरिकों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि वे प्रदेश की प्राचीन संस्कृति और कला को देख सके।

### गर्भवती महिलाओं के लिए 6 दिवसीय योग शिविर शुरू

**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 75 दिन पूर्व विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु 6 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर डीसी डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती चौहान तथा योग विशेषज्ञ डॉ. अंबिका पांटा के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार-विहार, दैनिक दिनचर्या और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जानकारी दी गई। योग शिविर में योग शिक्षक ज्योति, सुरेंद्र कुमार व कविता द्वारा विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया और उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

---

## सीडीएलयू परिसर में नशामुक्ति के खिलाफ छात्रों ने निकाली रैली




सिरसा। सीडीएलयू में नशा मुक्ति जागरुकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रैजुएट स्टडी के अंतर्गत बैचलर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों द्वारा शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र जैसे नारों के साथ उन्होंने पूरे परिसर में जागरूकता का वातावरण बनाया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों, कक्षाओं और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर अन्य छात्रों से संवाद किया और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों—जैसे शारीरिक क्षति, मानसिक तनाव, पारिवारिक विघटन और सामाजिक पतन-के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके भविष्य और समाज के विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशा न करने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। य कार्यक्रम का नेतृत्व सोशल वर्क विभाग के प्राध्यापकों सुनील सैनी, मिस ललिता एवं नरेंद्र ढुल द्वारा किया गया। रैली में विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### सीएमके में डेमो संसद गतिविधियों का आयोजन

- कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या अंशु उप्पल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया

**सिरसा।** सीएमके कॉलेज में शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा डेमो संसद गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को संसदीय प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्पीकर, प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता एवं सांसदों की भूमिकाएं निभाईं तथा विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा की, जिससे कार्यक्रम अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक बना। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या अंशु उप्पल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस गतिविधि का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज गोयल तथा डॉ. सरबन कंबोज, डॉ. रचना एवं डॉ. अनीता के सहयोग से किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अमृत सिंह एवं डॉ. वीरबाला शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई।



सिरसा। डेमो संसद गतिविधि में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।



फतेहाबाद। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते रेडक्रॉस के अधिकारी।

### युवाओं की जड़ों को खोखला कर रहा है नशा शिक्षा और खेलों से संवरेगा भविष्य : बैनीवाल

**फतेहाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा फतेहाबाद को नशा मुक्त बनाने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत आज स्थानीय रेडक्रॉस भवन में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने चिंता व्यक्त की कि नशा आज एक विश्वव्यापी समस्या का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि नशा वर्तमान पीढ़ी की जड़ों को खोखला कर रहा है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि युवाओं की प्रगति और उनके भविष्य के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है। युवाओं को अपनी ऊर्जा नशे की बजाय शिक्षा और खेलकूद में लगानी चाहिए, ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। रेडक्रॉस के सहायक सचिव रवि हुड्डा ने इस दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक विशेष शपथ दिलाई। युवाओं ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अनुरोध किया कि यदि समाज में कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है, तो उसे नशा छुड़वाने और पुनर्वास प्रक्रिया में सहयोग कर एक सजग नागरिक का धर्म निभाएं। जागरूकता के इस सत्र में केवल नशा मुक्ति ही नहीं, बल्कि जीवन बचाने के अन्य पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

---

परोपकार | जब प्रतिभा को परोपकार का साथ मिलता है, तो सफलता की राह आसान हो जाती है

## डॉ. सिवाच दंपति ने थामी हॉकी खिलाड़ी प्रोमिला की बांह, बेंगलुरु कैंप के लिए दी आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जब प्रतिभा को परोपकार का साथ मिलता है, तो सफलता की राह आसान हो जाती है। फतेहाबाद प्रसिद्ध चिकित्सक और समाजसेवी डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच एवं डॉ. अनुराधा सिवाच ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने गांव धारनिया की होनहार लेकिन अभावों से जूझ रही हॉकी खिलाड़ी प्रोमिला को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर उसके सपनों को नई उड़ान दी है। गांव धारनिया के एक बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली प्रोमिला ने सीमित संसाधनों के बावजूद हॉकी के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में प्रोमिला का चयन बेंगलुरु में आयोजित होने वाले उच्च स्तरीय कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। हालांकि, आर्थिक तंगी इस सफर में बाधा बन रही थी, जिसे देखते हुए डॉ. सिवाच दंपत्ति ने आगे बढ़कर उसकी जिम्मेदारी उठाई। यह पहला अवसर नहीं है जब डॉ. सिवाच ने प्रोमिला की मदद की हो। इससे पूर्व भी जब प्रोमिला चंडीगढ़ में प्रशिक्षण ले रही थी, तब भी डॉ. सिवाच ने उसके हुनर को पहचानते हुए उसे निरंतर वित्तीय सहयोग दिया था। डॉ. सिवाच की इसी दूरदर्शिता और प्रोत्साहन का परिणाम है कि आज यह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के कैंप तक पहुँचने में सफल हुई है।

डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने प्रोमिला को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियां समाज की शक्ति हैं। प्रोमिला की आंखों में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने का जो जुनून है, उसे धन के अभाव में टूटने नहीं दिया जा सकता। यह सहायता नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी के संघर्ष में हमारी एक छोटी सी भागीदारी है। बता दें कि डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच को उनके निस्वार्थ सेवाभाव और खेल प्रेम के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कई बार सम्मानित और अलंकृत किया जा चुका है। वे क्षेत्र के उन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं जो गरीबी के कारण अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं।



फतेहाबाद। हॉकी खिलाड़ी प्रोमिला को आर्थिक सहायता प्रदान करते डॉ. सिवाच दम्पति। फोटो : हरिभूमि

### इस मदद ने नया उत्साह भर दिया : प्रोमिला

डॉ. सिवाच दंपत्ति से सहायता राशि प्राप्त करने के बाद प्रोमिला ने भावुक होते हुए कहा कि इस मदद ने उसके भीतर नया उत्साह भर दिया है। उसने संकल्प लिया कि वह बेंगलुरु कैंप में जी-तोड़ मेहनत करेगी ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराकर डॉ. सिवाच जैसे परोपकारी व्यक्तित्व के विश्वास पर खरी उतर सके। इस अवसर पर प्रोमिला के परिवार के सदस्य और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ. सिवाच दंपत्ति के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की।

## खबर संक्षेप

### मेरिट सूची में छाए शाह सतनाम कॉलेज के छात्र

**सिरसा।** शाह सतनाम बॉयज कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए चौधरी देवीलाल विवि की हालिया मेरिट सूची में टॉप-10 में शानदार जगह बनाई है। एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर में दिव्यांश ने चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय सेमेस्टर में आकाश सोनी ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा संजीव कुमार ने तीसरा, अंकुश ने चौथा, अंकुश ने पांचवां, पंकज ने सातवां और सुमित कुमार ने नौवां स्थान लेकर टॉप-10 में जगह बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया।

### अमेरिकी साम्राज्यवाद के विरुद्ध सेमिनार 12 को

**फतेहाबाद।** दुनिया भर में बढ़ते सैन्य तनाव और आर्थिक संकटों के बीच, फतेहाबाद में विभिन्न जनसंगठनों ने अमेरिकी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जनसंगठन मंच द्वारा 12 अप्रैल को स्थानीय पटवार भवन में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'मौजूदा दौर में साम्राज्यवाद का चरित्र और युद्ध के प्रभाव' रखा गया है। कर्मचारी नेता रमेश तुषामड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस सेमिनार की रूपरेखा तैयार की गई।

### संस्कार शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

**फतेहाबाद।** सर्वत्र शिक्षा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय संस्कार शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समिति के नेशनल काउंसलर धर्मवीर प्रताप सिंह की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश शाक्य ने की। आयोजनकर्ता की भूमिका जिला परियोजना नियंत्रण अधिकारी साधु बरोका व विकास सुथार ने निभाई। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अनिल मालिहांन ने शिक्षकों को सांस्कृतिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, प्रारंभिक व भारतीय संविधान पर जानकारी दी।

### डोडा पोस्त तस्करी में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना जाखल पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आशु पुत्र पातीराम निवासी अधीनी जिला इटावा, यूपी के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना जाखल प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि उक्त मामले में 18 सितंबर 2022 को पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार दो युवकों को काबू किया गया था।

### स्कूल 15 दिनों में लौटाए ईपीएफ की राशि

**सिरसा।** स्कूल में टीचरों के शोषण के मामले में सुर्खियों में रहे सेंट जेवियर स्कूल को ईपीएफ विभाग ने तगड़ा झटका दिया है। स्कूल में कार्यरत रहे दो दर्जन से अधिक टीचरों की शिकायत के आधार पर ईपीएफ विभाग ने स्कूल प्रबंधन को 15 दिनों के अंदर टीचरों की ईपीएफ की तकरीबन 74 लाख रुपए की राशि लौटाने का आदेश दिया है। अध्यापक सुभाष, अनिल चौधरी ने बताया कि स्कूल ने उनके वेतन से ईपीएफ की राशि काटी गई, लेकिन राशि की डिमांड की तो स्कूल ने देने से इंकार कर दिया।

*11 अप्रैल को आंशिक पश्चिम विक्षोभ से जिले में छा सकते हैं बादल*

# पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म, दिन में तपिश और रात में ठंडक, 15 से चुभेगी तीखी धूप, 38 तक पहुंचेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- फसल कटाई के लिए अनुकूल है मौसम

जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे निकलने के बाद आसमान साफ होने लगा है, जिससे दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। फिलहाल उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं के चलते सुबह और रात के समय मीठी गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है, जबकि दिन में सूर्य की तपिश बढ़ने लगी है। शुक्रवार को फतेहाबाद में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.2 डिग्री नीचे है। न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है। मौसम साफ होने से जहां आमजन सुहावने मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं, वहीं किसानों ने भी राहत की सांस ली है क्योंकि शुष्क मौसम फसलों की कटाई के लिए पूरी तरह अनुकूल है।

“ मौसम साफ होने से आमजन सुहावने मौसम का उठा रहे लुफ्त

“ 30 अप्रैल तक मौसम में लगातार हो सकता है बदलाव


फतेहाबाद। गेहूं की पकी फसल पर छाये बादल। फोटो : हरिभूमि

### सावधान 15 के बाद होगा गर्मी का अहसास

राहत के दिन अब गिने-चुने ही बचे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि 15 अप्रैल के बाद मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा और तपिश बढ़ेगी। इस दौरान तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी, जिससे गर्मी का असली अहसास शुरू होगा। 15 अप्रैल के बाद दिन का पारा सामान्य से ऊपर जा सकता है। बता दें कि इस बार मार्च के पहले सप्ताह से ही मौसम बदल गया था। शुरू में लू चलने व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हर तीसरे दिन बादलवाही के बाद बूंदाबांदी हुई। अप्रैल माह के पहले सप्ताह में यही हाल रहा। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि 15 अप्रैल तक मौसम फिर करवट लेगा और तापमान 38 डिग्री को पार कर जाएगा। मौसम विभाग ने इसके बाद फिर पश्चिमी विक्षोभ की संभावना जता रखी है और 30 अप्रैल तक मौसम हर तीसरे दिन बदलता रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि अब पूरी गर्मी व सर्दी का 6 महीने का दौर गुजर चुका है। अब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलवाही व बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### हवा की दिशा बदली, रात को उत्तरी हवाएं चल रहीं

हवाओं की दिशा बदलने से रात के समय उत्तरी हवाएं चल रही हैं, जिससे पारे में गिरावट आ रही है। वहीं, दिन में हवाएं उत्तर-पश्चिमी होने और धूप खिलने से तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। आने वाले 3-4 दिनों तक रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है, जबकि दिन का पारा चढ़ेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 11 अप्रैल को एक नया लेकिन कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे प्रदेश में आंशिक बादल छा सकते हैं।

-डॉ. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ

## शिविरों से लोगों का मोह हो रहा भंग, आंकड़ों की अनुपस्थिति से बना संदेह

# समाधान शिविर बने औपचारिकता, शिकायतों का कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं

*शिविरों से जुड़ा कोई ठोस आंकड़ा नहीं आ रहा सामने, काम का जवाब रहा नदारद*

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

जिले में लगाए जा रहे समाधान शिविर अब अपनी प्रभावशीलता को लेकर सवालों के घेरे में हैं। प्रशासनिक बैठकों में बड़े-बड़े दावे और निर्देश जरूर दिए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन शिविरों से जुड़ा कोई ठोस आंकड़ा सामने नहीं आ रहा। न तो यह बताया जा रहा है कि कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और न ही यह स्पष्ट किया जा रहा है कि उनमें से कितनों का समाधान किया गया। हाल ही में हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शिकायतों के प्राथमिकता से निपटारे के निर्देश दिए गए। समयबद्ध समाधान और एटीआर पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करने की बात भी कही गई। इसके बावजूद सबसे अहम सवाल यह है कि इन शिविर में जमीनी स्तर पर काम कितना हुआ, इसका जवाब नदारद रहा। आंकड़ों की अनुपस्थिति से यह पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई है। प्रशासन द्वारा हर सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र और पेंशन जैसी समस्याओं के समाधान का दावा किया जाता है।


फतेहाबाद। समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

### इन मोर्चों पर फेल सिस्टम

- पारदर्शिता का अभाव : शिकायतों की कुल संख्या और पेंडेंसी का डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा।
- वही पुराने ढर्रे वाले निर्देश : 'गंभीरता से लें और समय पर निपटायें' जैसे निर्देश हर बैठक में दिए जाते हैं, लेकिन पीपीपी और पेंशन के चक्कर काटते बुजुर्गों की लाइन आज भी कम नहीं हुई।
- पुरानी शिकायतों का अंबार : डीसी खुद कह रहे हैं कि पुरानी शिकायतों पर फोकस करें। इसका सीधा मतलब है कि पिछली शिकायतों का अब तक समाधान नहीं हुआ और वे फाइलों में दबी हैं।

### निपटारे की स्थिति स्पष्ट नहीं

जागो संस्था के अध्यक्ष देवेन्द्र दहिया व जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह का कहना है कि शिविरों में शिकायतें तो दर्ज की जाती हैं, लेकिन उनके निपटारे की स्थिति स्पष्ट नहीं होती। कई मामलों में लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे यह पहल केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी प्रशासनिक पहल की सफलता उसके पारदर्शी आंकड़ों और वास्तविक परिणामों से तय होती है। यहां दोनों ही पहलुओं की कमी साफ दिखाई दे रही है। यदि जल्द ही शिकायतों की संख्या, उनके निपटारे और लंबित मामलों का स्पष्ट डेटा सार्वजनिक नहीं किया गया, तो समाधान शिविरों का उद्देश्य पूरी तरह से विफल होता नजर आ सकता है। फिलहाल स्थिति यह संकेत दे रही है कि यह पहल धीरे-धीरे अपनी गंभीरता और भरोसा दोनों खोती जा रही है।

### शिविर से डीसी व भाजपा नेताओं ने बनाई दूरी

बता दें कि वर्ष 2024 में हुए हरियाणा विधानसभा के चुनाव में प्रदेश के लोगों ने भाजपा सरकार के खिलाफ दिखे। जिसमें आम पब्लिक प्रोपर्टी आईडी, फैमिली आईडी में इंकम, भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सरकार से खफा नजर आ रही थी। इस पर नवगठित भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार बनाते ही तुरंत बाद इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिदिन जिला लेवल पर समाधान शिविर लगाने के आदेश दिए थे। हालांकि उस समय यह बताया गया था कि इन शिविरों में उपायुक्त के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे लेकिन थोड़े समय बाद ही समाधान शिविर से लोगों का मोह भंग होता गया। इसके बाद सरकार ने इन शिविरों को सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से यह शिविर सिर्फ औपचारिकता बन चुके हैं। अब तो डीसी ही नहीं भाजपा के नेताओं ने भाग लेना बंद कर दिया है।

*अधिकारी नहीं कर रहे डाटा साझा*

हैरानी की बात है कि प्रशासन यह बताने में नाकाम रहा कि अब तक आयोजित शिविरों में कितने लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। जब अधिकारी यह डेटा ही साझा नहीं कर रहे कि कितनी शिकायतों का एक्शन टेकन रिपोर्ट यानि एटीआर पोर्टल पर चढ़ा, तो जनता कैसे मान ले कि समाधान हो रहा है। आंकड़ों की यह लुका-छिपी इशारा कर रही है कि शिविरों का रिपोर्ट कार्ड उम्मीद के मुताबिक नहीं है।

## न्यूज डायरी

### एमएसपी पर खरीद में देरी, किसान परेशान: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीद की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा है कि खरीद में देरी और अव्यवस्था के कारण किसान परेशान हैं। उन्होंने एक प्रेस बयान में कहा कि बेमौसम बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के बड़े हिस्से में खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की आय पर सीधा असर पड़ा है। इसके साथ ही मंडियों में खरीद प्रक्रिया में देरी और अव्यवस्था ने किसानों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि मंडियों में अपनी फसल लेकर पहुंच रहे किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जहां उन्हें व्यवस्थागत कमियों, लॉजिस्टिक समस्याओं और अपर्याप्त इंतजामों का सामना करना पड़ रहा है। खराब मौसम के चलते मंडियों में पड़ा गेहूं भी नुकसान की आशंका में है।

### प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन ने शुक्रवार को उपायुक्त को मांगों और रजिस्ट्री कार्य में आ रही बाधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान मनोज मकानी ने बताया कि पिछले काफी समय से सिरसा में जमीनों और प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री को लेकर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के लिए इस्तेमाल होने वाले सरकारी पोर्टल में बार-बार तकनीकी खराबी आने के कारण काम बंद पड़ा है। सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों और एनओसी की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि आम आदमी व प्रोपर्टी डीलर दोनों ही परेशान हैं। रजिस्ट्री न होने के कारण प्रॉपर्टी बाजार में मंदी का माहौल है। एसोसिएशन ने उपायुक्त से मांग की कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और तहसील स्तर पर आ रही भ्रष्टाचार या देरी की शिकायतों का निपटारा किया जाए।

### हरियाणा कप में क्रेसण्ट स्कूल के विहान बजाज ने मारी बाजी, स्कूल में किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** महावीर जयंती पर इनफिनिया वर्ल्ड स्कूल में आयोजित हरियाणा कप : द लिटिल ग्रैंडमास्टर ओपन अंडर-11 शतरंज प्रतियोगिता में क्रेसंट स्कूल के शतरंज खिलाड़ी विहान बजाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विहान ने प्रतियोगिता में 8 हजार का नकद पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में कुल 7 मुकाबले खेले, जिनमें से 6 में शानदार विजय प्राप्त करते हुए एक मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। विहान के संतुलित एवं प्रभावशाली खेल ने उन्हें सभी प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध कर दिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब एवं राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से 62 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### पर्याप्त स्टॉक के साथ जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति निर्बाध और संतुलित : डीएफएससी

**फतेहाबाद।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह संतुलित और व्यवस्थित बनी हुई है। वर्तमान में जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुसार नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को एलपीजी व ईंधन आपूर्ति की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक कुशल बूरा ने जानकारी दी कि सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों के लिए 5-5 किलो एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की योजना चलाई जा रही है। इसके तहत संबंधित लोगों को कैंप लगाकर जानकारी दी जा रही है।

### छात्रों को बनाया जा रहा निशाना, अकाउंट लेकर लाखों का लेनदेन, टोहाना के तीन छात्र फंसे

**टोहाना।** आजकल साइबर ठगों द्वारा एक नया स्कैम तेजी से फैल रहा है, जिसमें छात्रों को निशाना बनाया जा रहा है। ठग छात्र-छात्राओं को थोड़े पैसों का लालच देकर या किसी मजबूरी का बहाना बनाकर उनका बैंक अकाउंट नंबर, एटीएम कार्ड, मोबाइल नंबर और सिम तक ले लेते हैं। इसके बाद उन खातों के माध्यम से लाखों रुपये का लेनदेन किया जाता है, जिससे बाद में छात्र कानूनी मुसीबत में फंस जाते हैं। आरोप है कि कुछ लोगों ने छात्रों को झांसा देकर उनके बैंक अकाउंट नंबर व अन्य जानकारी ले ली। जब छात्रों को शक हुआ तो उन्होंने बैंक जाकर अपने खातों की जानकारी ली, जहां पता चला कि उनके खातों से कई लाख रुपये का लेनदेन हो चुका है।

### भाजपा सरकार द्वारा थोपी शर्तों से किसान और आढ़ती दोनों परेशान : सुनैना चौटाला

**भट्टूकलां।** इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने शुक्रवार को जिले की भट्टू मण्डी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पार्टी द्वारा स्थापित किए गए किसान कष्ट निवारण केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। मंडी पहुंचने पर सुनैना चौटाला ने विभिन्न ढेरी पर जाकर फसल लेकर आए किसानों और आढ़तियों से सीधा संवाद किया। किसानों ने फसल खरीद में हो रही देरी, पोर्टल की दिक्कतों और उठान की सुस्त प्रक्रिया को लेकर अपनी व्यथा सुनाई। बता दें कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला 15 अप्रैल को फतेहाबाद अनाज मण्डी का दौरा कर किसानों से बातचीत करेंगे।

# गंगा की महकदीप ने कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा को दिलाया प्रथम स्थान

- जिताई नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप, हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

खंड के गांव गंगा की दसवीं कक्षा की छात्रा महकदीप कौर ने 35वीं नेशनल सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप 2026 में हरियाणा टीम को पहला स्थान दिलाया है। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता महाराष्ट्र के आलंदी पुणे में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हरियाणा और महाराष्ट्र की टीमों के बीच हुआ। हरियाणा की टीम ने महाराष्ट्र को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। महकदीप कौर के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। उनके गांव लौटने पर आसपास के गांवों की ग्राम पंचायतों ने खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। खुली जीप में ढोल-नगाड़ों के साथ गांव की गलियों से गुजरते हुए उन पर पुष्प वर्षा की गई। महकदीप कौर जब मोडी गांव पहुंचीं, तो वहां पर सैकड़ों महिलाओं, बच्चों, खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया।


डबवाली। महकदीप का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### लार्ड शिवा कालेज के छात्रों ने जीपेट में दिखाई प्रतिभा

**सिरसा।** लार्ड शिवा कालेज के दो छात्रों ने नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साईंसेस नई दिल्ली द्वारा आयोजित ग्रेजुएट फार्मेसी एपटीटयूड टेस्ट -2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कालेज का नाम रोशन किया है। संस्थान के बी.फार्मेसी सातवें सेमेस्टर की रौनक ने 500 में से 242 अंक अर्जित कर पूरे भारत में 802 रेंक और इसी कक्षा के नरेश ने 500 में से 227 अंक अर्जित कर 1293 रेंक हासिल की है। महानिदेशक देश कमल बिश्नोई, महासचिव सोमप्रकाश एडवोकेट, संस्था के उपप्रधान इंजीनियर लोकेश बिश्नोई एवं कोषाध्यक्ष डा. दीपक ने दोनों छात्रों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। संस्थान के प्रिंसिपल डा. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि छात्रों व शिक्षकों की मेहनत का यह परिणाम है और हम आशा करते हैं कि हमारे छात्र इसी प्रकार भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।


सिरसा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा विभाग की टीमों ने प्राइवेट स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, पाठ्य पुस्तक व फीस की जांच की

**ओढां।** शिक्षा विभाग द्वारा प्राइवेट स्कूलों में निर्धारित पाठ्य पुस्तकों, फीस व अन्य व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करने के लिए क्लस्टर बाईज टीम गठित की है। शुक्रवार को मिठड़ी क्लस्टर टीम ने दशमेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल चोरमार खेड़ा का निरीक्षण किया। टीम के सीआरसी बंसी प्रिंसीपल मिठड़ी, बलविंदर सिंह जाटाना प्रिंसीपल चोरमार खेड़ा व सीनियर प्रवक्ता जितेंद्र गर्ग ने सरकार के निर्देश पर स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित पाठ्य पुस्तकों, फीस संरचना तथा संबंधित व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की जांच की गई। उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी राम अवतार कौशिक के आदेशानुसार विद्यार्थियों से पूछताछ की गई कि उन्होंने किताबें स्कूल से खरीदी या किसी एक निर्धारित विक्रेता से खरीदने के लिए किसी प्रकार का दबाव तो नही बनाया जा रहा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी आवश्यक बिंदुओं की जांच की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## बीए प्रथम वर्ष के छात्र रवि कुमार को मिला 'बेस्ट रीडर अवॉर्ड'

# एमएम कॉलेज में पुस्तकालय विभाग की अनूठी पहल

*वर्तमान समय में विद्यार्थी केवल पाठ्यक्रम तक सीमितः प्राचार्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

विद्यार्थियों में पठन-पाठन की संस्कृति को पुनर्जीवित करने और उन्हें डिजिटल दुनिया के शोर से निकालकर किताबों की ओर वापस लाने के उद्देश्य से मनोहर मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग ने एक नई और प्रेरणादायक शुरुआत की है। कॉलेज के पुस्तकालय द्वारा 'बेस्ट रीडर अवॉर्ड' के रूप में बीए प्रथम वर्ष के छात्र रवि कुमार को चुना गया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल ने रवि कुमार को सम्मानित किया।


फतेहाबाद। छात्र रवि को बेस्ट रीडर अवार्ड से सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, साथ हैं डॉ. संध्या अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

### लाइब्रेरी का नियमित उपयोग करें छात्र

डॉ. संध्या अग्रवाल ने बताया कि पुस्तकालय विभाग द्वारा शुरू किए गए इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को लाइब्रेरी का नियमित उपयोगकर्ता बनाना है। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि वर्तमान समय में छात्र केवल पाठ्यक्रम तक सीमित रह गए हैं। ऐसे में उनमें रीडिंग हैबिट्स बढ़ाने, नियमित रूप से विविध विषयों पर किताबें पढ़ने की रुचि जगाने, किताबों के माध्यम से कल्पनाशीलता और मौलिक विचारों को विकसित करने, छात्रों को पुस्तकालय में मौजूद ई-संसाधनों, पत्रिकाओं और दुर्लभ संदर्भ ग्रंथों से परिचित कराने के लिए लगातार प्रयास किए जाते हैं। डॉ. संध्या अग्रवाल ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष के छात्र रवि कुमार ने शैक्षणिक सत्र के दौरान पुस्तकालय के संसाधनों का सबसे अधिक और प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। रवि ने न केवल सबसे अधिक पुस्तकें इश्यू करवाई, बल्कि लाइब्रेरी के शांत वातावरण में बैठकर घंटों अध्ययन किया और उपलब्ध डिजिटल डेटाबेस का भी भरपूर लाभ उठाया। उनकी इसी निष्ठा को देखते हुए उन्हें बेस्ट रीडर अवॉर्ड से नवाजा गया। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने विजेता छात्र को बधाई दी और पुस्तकालय विभाग की पहल की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. रमनदीप सिंह, प्रो. रमनदीप कौर, संदीप कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### पुलिस ने चार नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए दो सगे भाइयों सहित चार नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 23 किलोग्राम चूरापोस्त व हेरोइन बरामद की है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी बलविंद्र सिंह, नवीन, नवदीप सिंह व गोबिंद सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सिरसा जिले के रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान नहर पुल के पास एक बाइक सवार युवक प्लास्टिक का थैला लेकर आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया और थैले की तलाशी ली तो उसमें से 16 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।